Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **हनुमानगढ़ में पुलिस थाना पीलीबंगा की सहायक उपनिरीक्षक पुलिस 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *30 सितम्बर।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर श्रीगंगानगर इकाई द्वारा आज गुरूवार को हनुमानगढ़ में कार्यवाही करते हुये श्रीमती इंदिरा सहायक उपनिरीक्षक पुलिस, थाना पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ को परिवादी से 10 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की श्रीगंगानगर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरूद्ध दर्ज मुकदमें में एफ.आर. लगाने की एवज में अनुसंधान अधिकारी श्रीमती इंदिरा सहायक उपनिरीक्षक पुलिस, थाना पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ द्वारा 10 हजार रूपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी श्रीगंगानगर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री भूपेन्द्र कुमार सोनी** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **उप अधीक्षक पुलिस श्री वेदप्रकाश लखोटिया, पुलिस निरीक्षक श्री विजेन्द्र कुमार सीला** एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये श्रीमती इंदिरा पुत्री श्री रामरख जाट निवासी ग्राम रतनपुरा, तहसील संगरिया, जिला हनुमानगढ़ हाल सहायक उपनिरीक्षक पुलिस, थाना पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ को परिवादी से **10 हजार रुपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।`

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों की ए.सी.बी. टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।